## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नाजिर, भू-अर्जन, आवक-जावक, पेंशन शाखा, प्रपत्र शाखा, सहायक अधीक्षक, वित्त शाखा तथा कोषालय पहुंचकर आवश्यक जानकारियां ली और फाईलों का अवलोकन किया, साथ ही संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन, प्रकरणों का समय पर निराकरण करें।

### बैगा बाहुल्य ग्रामों में 5 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत

**मण्डला।** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले के बैगा बाहुल्य ग्रामों में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खोले जाने हैं, जिसके तहत जिले के तीन विकासखंडों के 5 ग्रामों में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवास विकासखंड के ग्राम पंचायत बस्तरी के ग्राम बस्तरा जोरसाटोला, विकासखंड मोहगांव के रैयगांव पंचायत के ग्राम रैयगांव तथा बिछिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बंजी के ग्राम बैगाटोला, ग्राम पंचायत कन्हारीकला के ग्राम कन्हारीकला (चौकीटोला), ग्राम पंचायत उमरवाड़ा के ग्राम मवाला में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास ने ग्राम सतपहरी निवासी दिगेश्वर की 2 नवंबर 2022 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पिता हरिसिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## प्राणायाम और योग की विभिन्न मुद्राओं का हुआ अभ्यास

# युवा दिवस पर हुये विभिन्न आयोजन

*** उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



12 जनवरी 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर प्रदेश के साथ मण्डला जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त स्कूलों में एकसाथ सम्पन्न हुआ। जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक साथ सभी ने सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न आसन किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रेडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। मंच पर मिनी सिंह, कमलेश धर दुबे तथा अनिल वर्मा ने उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया।



जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कार्यक्रम के संबोधन में राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि आज हम विवेकानंद जी को विश्व गुरू के रूप पहचान रहे हैं। उन्होने स्वामी विवेकानंद जी के कथन को उद्धत करते हुए कहा कि उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित वरिष्ठ अधिकारी, खिलाड़ी एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### नेहरू युवा केन्द्र में स्वामी विवेकानंद जयंती आयोजित

दिनांक 12 जनवरी को नेहरु युवा केंद्र मण्डला के तत्त्वाधान में आदित्य सिंह (जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र मण्डला) देवेन्द्र द्विवेदी (APA) मण्डला के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी मण्डला में स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें सुबह 7बजे समस्त विद्यार्थी और स्टाफ के द्वारा सुश्री भलावी मैम, अभिमन्यु सिंह और योग निर्देशिका चंतदप्रभा यादव के निर्देशन में सूर्य नमस्कार और योग किया गया। सुबह की प्रार्थना सभा में स्वामी विवेका नंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर युवा दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आर्या मार्को, वैशाली द्वारा स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। लक्षिता के द्वारा स्वामी जी के जीवन पर आधारित कविता का पाठ किया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा के द्वारा उद्बोधन दिया गया। प्राचार्य राकेश कुमार पांडेय ने अपने उद्बोधन में विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ईशा टेकाम ने किया। इस अवसर पर नासिक में आयोजित प्रधानमंत्री के युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को छात्रों को दिखाया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र मण्डला से शिवम ठाकुर (NYV) भी इस कार्यक्रम में हिस्सा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अपरान्ह में विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

### ब्रह्माकुमारीज़ में मनाया गया युवा दिवस


प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मण्डला के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र "विश्व शांति भवन" के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, पड़ाव वार्ड सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बहन कल्पना नामदेव, गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल भ्राता प्रो. डॉ. शरद नारायण खरे, डेंटिस्ट बहन डॉ. साक्षी नेमा एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं। बताया कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए। और उन्होंने कभी भी अपने जीवन में निराशा, हताशा को कभी भी गले नहीं लगाया। आज के युवाओ को कभी भी उदास नही होना है। औऱ कहा कि युवा अर्थात कभी न रुकने वाला।युवाओं के अंदर बहुत शक्तियां हैं उन शक्तियों को सही दिशा में, सही कार्य में लगाने के लिए परमात्म शक्तियों का समावेश होना बहुत जरूरी है, यह राजयोग के द्वारा ही शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं राजयोग करने से हमारे अंदर सहन शक्ति, सामना करने की शक्ति, निर्णय शक्ति आदि अष्ट शक्तियां हमारे अंदर आती हैं। कहा कि हम सभी स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।

आज के युवाओं में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार, अंदर से पवित्रता होनी चाहिए जिससे वे अपने दृढ़ निश्चय से समाज को उन ऊंचाइयों में ले जा सके जिसकी कल्पना स्वामी विवेकानंद जी करते थे। योग, ध्यान करने से हमारे अंदर दिव्य ज्ञान, आध्यत्मिक ज्ञान पहुँचता है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा दिये जाने वाले ज्ञान को सभी को समझकर अपने अंदर समाहित करना चाहिए।



### सूर्य नमस्कार उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम



**निवास।** 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव पर सरस्वती शिशु मंदिर निवास में सूर्य नमस्कार उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें भैया बहनों ने गीत भाषण और नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक निवास के शाखा प्रबंधक सुरेश सिंह रहे जिन्होंने सभी भैया-बहनों को मिष्ठान वितरित कराया महर्षि दयानंद बल कल्याण शिक्षा समिति के सम्मानित श्री रतन चौधरी एवं श्रीराम विशाल विश्वकर्मा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित सभी भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया निकेतन बैस मनोज तिवारी वीरेंद्र द्विवेदी निरंजन सिंह ठाकुर कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि रहे भैया-बहनों को आचार्य बंधुओ द्वारा भली-भांति कार्यक्रम हेतु तैयार किया गया और बड़ा ही मोहक कार्यक्रम रहा विद्यालय प्राचार्य डॉ प्रमोद चंद्र त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की कार्यक्रम समापन उपरांत सभी भैया-बहन एवं दर्शको बंधुओ को मौसमी अल्पाहार कराया गया शाखा प्रबंधक ने सभी बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

### भारत मौसम विज्ञान विभाग मनाएंगा 150 वीं वर्षगांठ

**मण्डला।** कई वर्षो से भारतवासियों को मौसम की जानकारी से रूबरू कराने भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना की गई थी। जिसकी स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने वाले है। इस उपलब्धि पर मौसम विभाग का एक नया लोगों भी बनाया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 149 वर्ष पूर्ण करके 150 वर्ष में प्रवेश के अवसर पर विविधि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जानकारी अनुसारी भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से मौसम कार्यालय मंडला में भी 15 जनवरी को प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी निःशुल्क है और सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना 15 जनवरी 1875 को हुई थी। 15 जनवरी को भारत मौसम विज्ञान विभाग स्थापना के 149 वर्ष पूर्ण करके 150 वें वर्ष मे प्रवेश कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में 15 जनवरी को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आईएमडी की स्थापना 1875 में हुई थी। इसका मुख्यालय कलकत्ता में था। मुख्यालय को 1905 में शिमला, 1928 में पुणे और फिर 1944 में दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया। बता दे कि वर्ष 2024-2025 में राष्ट्र की सेवा के 150 वर्ष पूर्ण कर लेगा। इस 150 वर्ष के लंबे सफर को पूर्ण करने के लिए आईएमडी ने जनवरी 2024 से एक साल तक चलने वाले उत्सव की योजना भी बनाई है। इस दौरान आईएमडी छात्रों को मौसम विज्ञान और वायुमंडलीय विज्ञान में करियर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम, प्रदर्शनी, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सेमिनार आयोजित किये जाएंगे।

# भालू ने किया युवक पर हमला

*** युवक घायल, मवई स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

विकासखंड मवई के ग्राम सठिया के समीपी जंगल में एक युवक पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से युवक घायल हो गया। घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है, जब युवक अपने घर के समीपी जंगल गया हुआ था।

जानकारी अनुसार ग्राम सठिया निवासी छतर सिंह पंद्रे 35 वर्ष शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 अपने ग्राम के समीपी जंगल गया हुआ था। इसी दौरान एक भालू ने युवक छतर सिंह पर हमला कर दिया। जिससे छतर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। भालू के हमले से युवक के पैर, जांग और छाती में गंभीर चोटे आई है। युवक को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है।



बताया गया कि इस घटना की जानकारी मवई वन परिक्षेत्र अधिकारी को दी गई। जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारी युवक को देखने अस्पताल पहुंचे। जहां घायल युवक का उपचार किया जा रहा है।

## ग्राम अमगवां में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास



ग्राम अमगवां बस स्टेंड के पास महिला मंडल के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू हुई और ग्राम का भ्रमण कर बिझौली में स्थित माता विंध्यवासिनी मंदिर से होते हुए वापस कथा स्थल में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एक रंग के वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा का शुभारंभ कथा व्यास पदमी वाले पंडित संतोष शास्त्री जी द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित संतोष शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है। जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें।श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्मों जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। वहीं महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि सात दिवसीय कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**उपलब्धि** | **दपूमध्य रेलवे में पूरा हुआ आत्म निर्भरता का 50 वां स्टॉल।**

# वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के स्टॉल का अर्ध शतक

*** 46 स्टेशनों में स्थापित हुआ वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट के आउटलेट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

वोकल फॉर लोकल विजन को बढ़ावा देने, स्थानीय, स्वदेशी प्रोडक्ट के लिए एक मार्केट प्रदान करने और स्थानीय उत्पादको के लिए अतिरिक्त आय के अवसर जुटाने के उद्देश्य से रेलवे ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्कीम शुरू की है। रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिटटी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। स्थानीय उत्पादों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नाम मात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को 15-15 दिनों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि छोटे स्टेशनों पर यह अवधि बढ़ाकर 3 माह भी किया जा सकता है।



जानकारी अनुसार इसी कड़ी में वोकल फॉर लोकल विजन को बढ़ावा देने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के 46 स्टेशनों में लगभग 50 स्टाल लगाए गए है, जिसमें स्थानीय स्तर पर निर्मित एवं प्रसिद्ध वस्तुओं की बिक्री प्रारंभ की गई है। इन स्टेशनों में बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत 15, रायपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 15 स्टेशन और नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत 16 स्टेशन, इतवारी, गोंदिया, नैनपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, तुमसर रोड, भंडारा रोड, बालाघाट, घंसौर, ग्वारीघाट, नागभीड़, सौसर, तिरोरा, वारासिवनी, वडसा एवं छिंदवाड़ा स्टेशन शामिल हैं।

### कारीगरी की कर रहे तारीफ

बताया गया कि इन स्टालों में उपलब्ध कलाकृतियों एवं सामानों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए इन विलक्षण कलाकारी से यात्री परिचित हो रहे हैं। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार इसकी खरीददारी भी कर रहे हैं। इसके साथ ही इनकी कारीगरी की तारीफ भी कर रहे हैं। नागपुर मंडल के तहत विशेषकर डोंगरगढ़ में होम मेड मशाला, राजनन्दगाँव में मिलेट्स, गोंदिया में बम्बू आर्ट आदि स्थानीय उत्पादों के आउटलेट्स लगाए गए हैं।

### आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना उद्देश्य

ज्ञात हो कि इस योजना के तहत रेलवे छोटे किसानों और उद्यमों के लिए कुशल लॉजिस्टिक्स विकसित करेगा। प्रत्येक रेलवे स्टेशन को एक स्थानीय उत्पाद के लिए प्रचार केंद्र की तरह देखा जा सकता है। यह किसानों और कृषि एवं उसके सहयोगी उद्यमों के लिए अधिक कुशल विकसित करने में मदद करेगा और स्टेशनों से गुजरने वाले व्यापक दर्शकों, यानी रेलवे यात्रियों के लिए अद्वितीय क्षेत्रीय उत्पाद पेश करेगा। इसका उद्देश्य रेलवे का उपयोग करके स्थानीय उत्पाद की आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाना है।

### एक वर्ष में 24 उत्पाद एक ही स्टेशन में होंगे प्रदर्शित

बताया गया कि इसके लिए रेलवे निजी खर्च पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद द्वारा निर्मित कियोस्क स्टेशन पर लगाकर देगा। उत्पादकर्ता को पंद्रह दिनों के लिए कियोस्क दिया जाएगा। रेलवे के इतिहास में पहली बार होगा कि कियोस्क लगाने के लिए लोगों द्वारा आवेदन किए जा रहे हैं। कियोस्क का ढांचा रेलवे देगा, जबकि जिसे यह अलाट होंगे, वे सामान रखकर बेच सकेंगे। इसकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना मेंप्रत्यक्ष रूप से प्राथमिक उत्पादकों के लिए है। एक स्टेशन-एक उत्पाद के तहत स्थानीय कलाकार को स्टेशन पर सिर्फ 15 दिन में ही अपने उत्पाद प्रदर्शित करने दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका मिलेगा। एक माह में दो उत्पाद और एक साल में 24 उत्पाद एक स्टेशन के लिए रेलवे को चाहिए हैं। ऐसे में एक स्टेशन पर एक या दो नहीं बल्कि कई स्थानीय उत्पादों को यह स्टॉल उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में छोटे स्टेशनों में उत्पादकों को और प्रोत्साहित करने के लिए इन नियमों को और लचीला किया गया है। छोटे स्टेशन में यह स्टॉल तीन महीने तक के लिए लिया जा सकता है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह को भी इससे जोडऩे के लिए निर्देशित किया गया है।

## तेंदुआ मारने का एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

वन विभाग मंडल पश्चिम रेंज निवास द्वारा जारी संक्षिप्त विवरण में लगभग पाँच से सात दिन के अंदर तेंदुए के शिकार के आरोपी कालूराम मरावी निवासी ग्राम चौदस तहसील थाना निवास/ओम नारायण परस्ते ग्राम बड़झर थाना शहपुरा पर भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,39,44,50,51,52 के तहत केश दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है मामले के बाकी आरोपी फरार हैं, जिनमें मुख्य आरोपी एक शिक्षक भी है।

उक्त मामला तब प्रकाश में आया जब वन विभाग के एक कर्मचारी बीट में गस्त के दौरान आरोपी ओमनारायण को मसूर घुघरी रोड़ पर मोटर साईकिल पर एक थैले में तेंदुए के चार पंजों को लेकर जा रहा था।

इस दौरान दूसरी मोटरसाइकिल में बैठे आरोपी कालूराम मरावी घटना स्थल से फरार हो गये, मामले की जांच एवं विवेचना प्रगति पर है फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। जब्त वाहन (1)- mp 20 NP 6158 (2)- mp 20 NT 9623 मारे गये तेंदुए की उम्र लगभग ढाई वर्ष बजन 21 किलो 500 ग्राम बताई गई है।



जारी प्रेस नोट में विभाग द्वारा ये नहीं बताया गया कि उक्त जीव की आखिर हत्या किस स्थान पर की गई और आरोपीगण तेंदुए के जरूरी अंगों को अपने पास रखकर इन्होंने इसके शरीर के बाकी हिस्से को कहाँ छुपाया या दफन किया था, जबकि विभाग के जांच दल की फोटो ग्राफ में आरोपी के साथ तेंदुए शावक के शव की काफी सामग्री अलग 2 थैली नुमा बेग में दिखाई दे रही है।

अपुष्ट शूत्र के अनुसार उक्त तेंदुए को मारने की जगह चौदस ग्राम के बैगा टोला से लगा जंगल या मसूर घुघरी का कोई और जंगल है, वास्तविक घटना कहाँ की है यह गंभीर जाँच का विषय है ताकि वन्य प्रशासन ऐसे भटककर मानवीय आवास के नजदीक न आ सकें और अगर किसी विपरीत परिस्थितियों में ये प्राणी आ भी जायें तो इनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुये सुरक्षित जंगल में छोड़ा जा सके।

निवास क्षेत्र में यह पहला मामला सामने आया है जिसकी जानकारी होने पर न सिर्फ क्षेत्र के लोग हैरान हैं बल्कि फॉरेस्ट विभाग के लिये भी वन्य जीव सुरक्षा के लिये सावधान रहने की भी चेतावनी दे रहा है।

**खबर संक्षेप**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज नपा द्वारा विशेष आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अपनी योजनाओं का हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की सोच के चलते संपूर्ण प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते आज 13 जनवरी को नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं के शिविर का आयोजन आज 13 जनवरी दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की मौजूदगी में किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस शिविर में चिकित्सा शिविर, प्रधानमंत्री स्वनिधि लोन, स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन, आयुष्मान कार्ड पंजीयान, आधार कार्ड पंजीयन, नवीन पेंशन योजना पंजीयन के आलवा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण किया जावेगा। शिविर में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जावेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति जयश्री चौहान द्वारा इस कार्यक्रम में नगर के लोगों से अपेक्षा जताई है कि वह पहुंचकर लाभ ले सकते है।

## दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रहे फाईले

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है? सही मायने में देखा जावे तो युवाओं को लेकर सरकार द्वारा योजनाये संचालित करते हुये उन्हें पैरों पर खड़े करने की बात तो कही जाती है मगर वह मात्र एक औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है।

## विद्युत विभाग की चुप्पी पर सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कालोनियों में बिजली विभाग द्वारा स्थापित किये गये विद्युत सप्लाई व्यवस्था के खम्बों पर जिस तरह निजी कंपनी द्वारा अपनी लाईन डाली जा रही है उसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों की चुप्पी पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है? इस तरह सरकारी बिजली खम्बों पर डाली जाने वाले केबिल में जियों कंपनी का मार्का अंकित होने से यह अनुमान लग रहा है कि शायद निजी कंपनी जियों द्वारा अपने संचार व्यवस्था के लिये इन सरकारी खम्बों का उपयोग किया जा रहा है? मगर बिजली विभाग द्वारा स्थापित किये गये यह खम्बे जहां शासकीय संपत्ति माने जाते है ।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

## राष्ट्रभक्त व शिक्षा विद् महान हस्तियों की जयंती पर अवकाश ठीक नहीं- राव उदय प्रताप सिंह







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस युवा दिवस" के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम कल 12 जनवरी को स्कूल, कॉलेजों, आश्रम, शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया। इस तरह नगर के बीटीआई स्कूल में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि हम सब के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर युवा दिवस का आयोजन किया जाता है। सूर्य नमस्कार, बच्चे, स्त्री, पुरुष, युवाओं एवं वृद्धों सभी के लिए लाभ दायक है। इसके निरंतर अभ्यास से साधक का शरीर निरोग और स्वस्थ रहता है। हम सबको इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। बताया जाता है कि इस दौरान आकाशवाणी द्वारा सीधे प्रसारित कार्यक्रम के साथ सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया। इस दिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आकाशवाणी से अपना संदेश दिया, जिसको प्रसारित किया गया। वही सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित करते हुये परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि युवा एवं छात्र छात्राएँ ही निभाते है राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका होती है। और देखा जाता है कि देश के राष्ट्र भक्तों, शिक्षा विद, विवेकानंद जयंती हो या फिर महात्मा गांधी जी के जयंती के मौके पर अवकाश रहने से हम अपने घरों में रहते है और इनकी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करते है। जब अवकाश रहेगा तो बच्चों की उपस्थिति की कल्पना कैसे कर सकते है। इस तरह की महान हस्थियों की जयंतियों के दौरान अवकाश बंद होना चाहिये। इसके लिये मेरे द्वारा सूझाव मांगे गये है और सुझावों पर सहमति मिलती है तो अवकाशों पर विचार किया जा सकता है? हमारे जीवन मे स्वस्थ शरीर के लिए योग करना जरूरी है। यदि शरीर स्वस्थ रहता है तो स्वमेव हम ऊर्जावान रहकर स्फूर्ति के साथ कार्य करते है । यदि हम अस्वस्थ रहते है तो हम कितने भी ज्ञान वान क्यो न हो चीजें धीरे धीरे कर आपको छोड़ देती है । स्थानीय बीटीआई स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थें। इस दौरान कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मूझ पर जताए विश्वास के चलते स्कूल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है। इस विभाग में मुझसे अधिक ज्ञानवान एवं क्षमतावान लोग काम करते है। इतना ही नही यह विभाग उनके लिए है जहां देश के होनहार बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। हम सभी मिलकर एवं आप सभी की शुभकामनाओं से श्रेष्ठतम हम प्रदेश को दे सकते है। अपने संबोधन में राव उदय प्रताप सिह ने कहा कि आज के दिन हम सभी प्रेरणा ले कि अपने स्किल एवं क्षमताओं को विकसित करते हुए आगे बढ़े एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ प्राचीश जैन ने अपने उदबोधन में स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी गई। वही सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के अंत मे जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी ने इस कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री सहित अन्य सभी लोगों के प्रति अपना आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन गत वर्ष की भांति हम जारी रखेंगे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन माध्यमिक शिक्षक श्रीमती अर्पणा ब्राउन ने किया। ज्ञात हो कि नगर के इतिहास में ऐसा पहला अवसर होगा जब इस तरह के आयोजन में प्रदेश कैबिनेट स्तर के मंत्री को शामिल होने का इस नगर को गौरव प्राप्त हुआ है। इस मौके पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में अधिकारियों, शिक्षको एवं छात्र छात्राओं के साथ स्वयं भी प्राणायाम किया। कार्यक्रम में मंत्री सिंह के आगमन पर एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ प्राचीश जैन, डीईओ एच पी कुर्मी, डीपीसी आर पी चतुर्वेदी, बीईओ प्रताप नारायण, बीआरसी गिरीश पटैल, डी के पटैल, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल ने मंत्री शिक्षा मंत्री सिंह के आलवा नपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा का स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के रसायन शास्त्र के नवाचारी उच्च माध्यमिक शिक्षक के के राजौरिया ने मंत्री सिंह को स्वयं द्वारा निर्मित स्वामी विवेकानंद जी की पेंटिंग प्रदान की। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, सभापति आनंद दुबे, सुरेन्द्र गुर्जर, पूजा तिवारी, शिरोमणि चौधरी, सुरेश श्रीवास्तव, राव संदीप सिंह, प्रियांक जैन, संजय राजौरिया, राधावल्लभ काबरा, सतीश कौरव, गोविंद अग्रवाल, अरुण बडकुर, आशीष राजपूत, सोनू पटैल, बाबूलाल जाटव सहित प्राचार्य अनूप शर्मा, एस के मिश्रा, आरती पाठक, जयमोहन शर्मा, बीएसी संदीप स्थापक, योगेंद्र झारिया, जनशिक्षक अपसार खान, बनवारीलाल नागवंशी एवं शिक्षकों सिराज अहमद सिद्दिकी, मधुसूदन पटैल, सुरेन्द्र पटैल, राजेश दुबे, मलखान मेहरा, मनमोहन शर्मा, शिल्पी गुप्ता, के बी कौरव, प्रमोद राय, देवेश वैद्य, अनुज जैन, मुकेश पटैल , विवेक दीक्षित, लिपिक अमित पटैल, आलोक सोनी ,भावना राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षको, पत्रकारगणों एवं छात्र छात्राओं मौजूदगी रही।



## युवा दिवस के मौके पर नगर में एकमात्र स्थित विवेकानंद प्रतिमा पर परिवहन मंत्री ने किया माल्यार्पण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को स्थानीय श्री हनुमान चौक आमगांव नाका पर शहर की पहली प्रतिमा की स्थापना स्वतंत्रता सेनानी स्व हल्कू प्रसाद वर्मा के कर कमलों से की गई थी। जिसे आज एक दशक पूर्ण होने के साथ साथ ही युवा ह्रदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती के उपलक्ष्य में श्री हनुमान चौक के विवेकानंद तिराहा पर समिति द्वारा पूजन,माल्यार्पण के साथ राष्ट्रगान एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश केबिनेट परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर युवा दिवस को संबोधित किया गया। इस दौरान शिक्षा मंत्री द्वारा स्वामी विवेकांनद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये देश के लिये उनके द्वारा दिये गये अपने योगदान से अवगत कराया गया। वही कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया सहित पूर्व प्राचार्य राजेश बरसैया, समाजसेवी श्रीमती शिरोमणि चौधरी, तिवारी बाबू ,कमलेश अग्रवाल ने विवेकानंद जी के व्यक्तत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर युवा को विवेकानंद जी से हमेशा प्रेरणा लेने की आवश्कता है। क्योंकि उनकी विचारधारा जीवन जीने का अद्भुत मंत्र प्रगट करती है। कार्यक्रम का संचालन बबलू कहार और आभार व्यक्त आशीष राय ने किया। इस अवसर पर डॉ भरत राठी,डॉ कमलेश सोनी, मनोज सोनी, संजय विश्वकर्मा, विनय राजपूत, ललित सावनेर,चेतन विश्वकर्मा, अमित श्रीवास, देवेंद्र कुर्मी,प्रशांत तिवारी,अमित कोरी, अनुराग विश्वकर्मा, कृष्णा श्रीवास्तव सहित स्थानीय व्यापारियों सहित गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## सम्पूर्ण जिले में गाडरवारा नगर पालिका ने लहराया अपना परचम, नेशनल रैंकिंग में 42 वां तो जोनल रैंकिंग में 11 वां

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




निश्चित तौर से जब कर्मचारी व अधिकारी अपनी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वाहन करते है तो उसका परिणाम देखने जरूर मिलते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर पालिका के सफाई विभाग में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भारत वर्ष की समस्त 4477 महानगर पालिका निगम, नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर परिषद, नगरीय निकायों में नगर पालिका परिषद गाडरवारा ने 86 वां स्थान प्राप्त किया है। यूं कहें कि म0प्र0 के नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा नगर पालिका अव्वल स्थान पर रहते हुये अपना परचम लहराया है। इस तरह स्वच्छता सर्वेक्षण में वर्ष 2023 में जबरदस्त उछाल लगाकर आल इंडियन नेशनल रैंकिंग में 42 वां स्थान प्राप्त किया है तो जोनल रैंकिंग में 11 वां एवं प्रदेश स्तर पर 17 वां स्थान प्राप्त किया है।नगर पालिका गाडरवारा नरसिंहपुर जिले में सभी नगर पालिका एवं नगर परिषदों से अव्वल नंबर पर है एवं संभाग स्तर में दूसरे स्थान पर रही। इस शानदार प्रदर्शन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पं. षिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमति बैशाली/ रीतेष राय, स्वास्थ्य शाखा के सभापति शिवम राजपूत सहित समस्त वार्ड पार्षदजन तथा मुख्य नपा अधिकारी श्रीमति जयश्री चौहान, स्वास्थ्य शाखा प्रभारी संजय श्रीवास ने नपा के समस्त अमले तथा समस्त नगर वासियों के सहयोग से प्राप्त की गई इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया है।

# महिला डॉक्टर के अभाव में क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज/ साईंखेड़ा।**




जहां एक ओर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए लोगों का भला करने की सोच रखे हुए है, वही दूसरी ओर महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित करते हुए उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात दिलाने के लिए पहल की जा रही है तथा प्रसव से लेकर जननी सुरक्षा के नाम पर भी महिलाओं को सरकार द्वारा लाभ दिया जा रहा है। मगर देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र में कुशल महिला डाक्टर के आभाव में महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पाने के कारण समस्त आयोजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाता हुआ जान पड़ रहा है? ज्ञात हो कि विकास खंड मुख्यालय का एक मात्र सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र महिला डाक्टर के अभाव में स्वास्थ्य सुविधा से जूझ रहा है, बताया जाता है कि लगभग दस हजार की आवादी बाले इस नगर पंचायत एवं सहित आसपास के लगभग 40-50 ग्रामों के लोगों का स्वास्थ्य से सीधा संबंध रखने बाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये चंद लोग ही पदस्थ है। जिनमें प्रमुख माने जाने वाले रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभाव तो बना हुआ है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि पूर्व में इस स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सक के आलवा अन्य तीन डाक्टर पदस्थ थे जिससे स्वास्थ्य सेवायें अनवरत मरीजों को मिलती रहती थी। मगर इस समय इस सांईखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डाक्टर के न होने से सरकार की जननी सुरक्षा योजना सहित महिलाओं संबंधी अन्य योजनओं का लाभ क्षेत्र की महिलाओं को नही मिल पा रहा है। महिला डाक्टर के अभाव में अधिकांश समय गर्भवती महिलाओं को गाडरवारा या नरसिंहपुर रिफर किया जाता है, जिसके चलते कभी कभी तो उनकी स्थिति वहां पर पहुंचते पहुंचते ही इतनी गंभीर हो जाती है कि भगवान ही उनका मालिक होता है, जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब क्षेत्र की आवादी कम थी तब स्वास्थ्य केंद्र में महिला डाक्टर के साथ तीन तीन डाक्टर पदस्थ रहते थे। परन्तु वर्तमान में नगर पंचायत का दर्जा होने के बाद भी प्रमुख डाक्टर सहित अन्य स्टाफ न होना और संपूर्ण कार्य गाडरवारा से संचालित होना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर सरकार द्वारा संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही बताया जाता है कि इस सामुदायिक केंद्र साईंखेड़ा में रोग विशेषज्ञ डाक्टर के पदस्थ न होने के कारण सरकारी योजानाओं के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है, वही चिकित्सकों के आभाव में शासन द्वारा चलाई जा रही दीन दयाल अंत्योदय उपचार योजना, सरदार बल्लभ भाई पटेल योजना के अलावा दर्जन भर स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नही हो पाने से लोग उनका लाभ लेने से बंचित देखे जा रहे है? जबकि बताया जाता है कि इस चिकित्सालय में पॉच विशेषज्ञ डाक्टरों के पद स्वीकुत हैं ।

## इंतजार करने की जगह अपनी जान जोखिम में डालते हुये पार की जा रही रेल्वे लाईन





**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा रेल्वे लाईनों को पार करने के लिये जहां तहां रेल्वे गेंट लगाते हुये उन्हें खोलने व बंद करने के लिये अपनी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, जिससे किसी भी ट्रेन के आने के पहले वह रेल्वे गेंटों को बंद करते हुये लोगों को इस बात के लिये सचेत कर सके कि वह रेल पटरी को पार न करे। मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से पढ़े लिखे हुये लोगों को रेल्वे गेंट बंद रहने के बाद भी वह अपने वाहनों सहित रेल्वे गेटों के नीचे से वाहन निकालते हुये देखे जाते है निश्चित तौर इस तरह की हरकत खुद की जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ युवा पीढ़ी को भी इस प्रकार से नियम विरूद्व कार्य करने के लिये प्रेरित करने से नही चूक रहे है? चंद मिनिट रूकने की जगह उनके द्वारा की जाने वाली यह हरकत निश्चित तौर से रेल प्रशासन के नियमों के विपरित होने के साथ साथ कुछ की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखी जा रही है। इस बात की सच्चाई आये दिन गाडरवारा करेली के राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर पड़ने वाले मनकवारा रेल्वे गेट पर आये दिन देखने मिली है। बताया जाता है कि जब ट्रेन आने के कुछ मिनिट पूर्व रेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा यहां की रेल पटरियों को पार करने से रोकने के लिये गेट को बंद कर दिया जाता है। मगर उस दौरान देखा जाता है कि अक्सर अनेक जागरूक माने जाने वाले पढ़े लिखे लोगों द्वारा जिस तरह अपनी मोटर साईकिलों को गेट के नीचे से निकलते हुये देखा जाता है उससे उनकी जिन्दगी तो खतरे में पड़ ही रही है साथ ही साथ उनके द्वारा शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये की जाने वाली इस हरकत का निश्चित तौर से युवा पीढ़ी पर भी बुरा असर पड़ने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि जब युवा वर्ग समझदार माने जाने वाले अपने अभिभावकों व वरिष्ठजनों की इस हरकत तो देखते हुये उन्हें बंद रेल्वे गेट के बाद भी अपने वाहनों सहित पटरी पार करते हुये देखते है तो उनके दिलों में इस प्रकार से नियमों की धज्जियाँ उड़ाने की प्रेरणा घर कर जाती है और वह भी इसी प्रकार की कार्य प्रणाली को अपनाने से नही चूकते है जो एक दिन बड़ी घटना के रूप में सामने आती है? इस प्रकार से बंद रेल्वे गेट को अपने वाहनों सहित पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिये तभी लोगों द्वारा रेल विभाग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों की इन हरकतों पर अंकुश लग पायेगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी।** करंजिया मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एन.एस.एस. इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक और छात्र सम्मिलित होकर सूर्य नमस्कार किए । कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए प्राचार्य प्रमोद वास्पे ने सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन के साथ कर उनके जीवन पर विचार व्यक्त किया तत्पश्चात प्रो राघवेंद्र दांगी के नेतृत्व में समस्त महाविद्यालय स्टाफ और स्वमसेवक उत्तम छोटू आदि ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के शाश्वत प्रेरणा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के युवाओं को सम्बोधन का ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम दिखाया गया जिसमें प्रकोष्ठ प्रभारी दुर्गा सिंह भवेदी के साथ स्टाफ के सभी सदस्य और छात्र छात्राएं सम्म्लित हुए कार्यक्रम के अगले कड़ी में रेड रिबन क्लब द्वारा एच.आई.वी. एड्स और टी बी के लिए जैसे घातक बीमारी जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसका संचालन डॉ प्रीती पाण्डेय ने किया मुख्य अतिथि के रूप में यमुना पेन्द्रों एवं अकांक्षा साहू स्वास्थ्य विभाग करंजिया द्वारा एड्स और टी बी जैसे घातक बीमारी से बचाव हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया इस दौरान प्रो अजय सिंह महाविघालयीन स्टाफ के साथ छात्र छात्राएं मौजूद रहें ।

### नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में धूमधाम से मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती

**डिंडौरी।** स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव विद्यालय में बच्चों ने सूर्य नमस्कार, योग प्राणायाम कार्यक्रम में भाग लिया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की चित्र प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने बहुत उत्साह तरीके से स्वामी विवेकानंद के विषय में प्रकाश डाला। विद्यालय में योग शिक्षक हर्षित साहू व प्रमुख अतिथि गोपाल गुप्ता उपस्थित रहे व विद्यालय परिवार से राम अभिषेक तिवारी क्रांति अग्रवाल विवेकानंद शीतलाम तृप्ति पूनम भावना मीनाक्षी मुस्कान प्रगति दुर्गेश आयु हिमांशु शिवम लता पूजा प्रीति इत्यादि सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ योगेश्वर इत्यादि सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ योगा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में प्रसन्नता पूर्वक भाग लिया।

### ज्योति द्विवेदी को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**डिण्डौरी।** मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी के प्राणीषास्त्र विभागाध्यक्ष और महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति द्विवेदी को उनके शोधकार्य शीर्षक ''डिण्डौरी जिले की नर्मदा जल में पायी जाने वाली मछलियों पर जल प्रदूषण के प्रभाव का अध्ययन'' पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई, उनका शोध कार्य श्री कृष्णा विष्वविद्यालय शोध केन्द्र छतरपुर से डॉ. असगर खान के निर्देषन में पूर्ण किया गया। यह अनुसंधान डिण्डौरी जिले के छात्र-छात्राओं के अध्ययन करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संस्थापक श्री बद्री प्रसाद बिलैया, संचालक इंजी अनुराग बिलैया, प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप द्विवेदी एवं आपके ससुर सी.एम.राइज नरिया के प्राचार्य श्री वंषबहोर द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक श्री निरंजन सिंह पटेल, समस्त स्टॉफ एवं सुधी शुभेच्छ आपके इस कार्य के लिए बधाई प्रेषित की है।

### मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस

**शहपुरा।** युवा दिवस के अवसर छात्र-छात्राओं को कराया गया सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशानुसार निर्धारित कार्यक्रम प्रातः 9.00 बजे से 10.00 बजे तक रेडियो प्रसारण के माध्यम से समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित कक्षा छठवीं से नौवीं के छात्र-छात्राओं का सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया ।

# मनरेगा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा करोड़ों रूपये का काजवे कम स्टॉपडेम

## समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम मुंगेला का मामला

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा करोड़ो रूपये की लगात से कराये गए काजवेकम स्टॉपडेम**

**पूर्ण होने के साथ ही उखड़ने लगी कंक्रीट**

जिले में इन दिनों रोजगार गारंटी योजना के तहत कराये जा रहें निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा चरम पर हैं, मनरेगा के तहत करोड़ों रूपये की लागत से कराये गए निर्माण कार्य बनते ही धाराशायी होने के कगार में पहुंच जाते हैं, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपयंत्री और चहेते ठेकेदार मिलकर शासन को पलीता लगा रहें हैं। भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक डूबे अधिकारियों को स्थानीय नेताओं का संरक्षण प्राप्त हैं जिसके चलते ये बैखौफ खुलेआम भ्रष्टाचार करने पर उतारू हैं।

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजरा के पोषक ग्राम मुंगेला में रोजगार गारंटी योजना के तहत लगभग 96 लाख रूपये की लागत से कराये गए काजवे कम स्टाप डेम निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया हैं, भ्रष्टाचार और सरकारी धन की बंदरबाट के लिए चर्चित उपयंत्री बीडी हरदहा ने चहेते फर्मो /ठेकेदार के मिलीभगत से घटिया निर्माण कराते हुए फर्जीवाड़ा करते हुए लाखों रूपये का बंदरबाट किया हैं,प्राप्त जानकारी के अनुसार काजवे कम स्टाप डेम निर्माण मजदूरी मद में 11.34 लाख रूपये एवं सामग्री मद में 85.30हजार रूपये का प्रावधान था, जिले के अंतिम छोर में निर्माण होने के चलते उपयंत्री ने मानक और गुणवत्ता को ताक में रख कर जमकर भ्रष्टाचार किया हैं।

### मानक और गुणवत्ता को दिखाया ठेंगा

जिले के अंतिम छोर में बसा मुंगेला गाँव के हाफिन नदी में वर्ष 2022 में करोड़ो रूपये की लगात से कराये गए काजवेकम स्टॉपडेम निर्माण को पूर्ण हुए साल भी नहीं गुजरा हैं और जगह जगह से उखड़ रहा काजवेकम स्टॉप डेम भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बयां कर रहा हैं, ग्रामीणों ने बताया की ठेकेदार के द्वारा हयुम पाईप के बीच में बड़े बड़े पत्थर भरकर कार्य कराया गया हैं, पुलिया के ऊपर किए गए कांकरीट से रेट गिट्टी अलग हो रहें हैं, जबकि उक्त पुलिया से सिर्फ दोपहिया वाहन गुजरते हैं तब यह हाल हैं, यदि लोड वाहन चलेंगे तो काजवेकम जल्द ही धाराशायी होने के कगार में पहुँच जाएगी,काजवेकम स्टॉप डेम निर्माण में एप्रोन निर्माण में भी मनमानी बरती गई हैं जिसके चलते, जगह जगह से अप्रोन क्षतिग्रस्त हो गया हैं, वही स्टॉपडेम में शटर नहीं लगाने से पानी नहीं रुक रहा हैं, इस तरह से सरकार की जनहितोषी मंशा पर भ्रष्टाचारी अधिकारी पानी फेरने में पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं।

### किसके संरक्षण में चल रहा बीडी हरदहा का करप्शन का खेल..?

ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग में पदस्थ उपयंत्री बीडी हरदहा का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जनवरी 2023 में मंडला स्थानांतरित किया गया था लेकिन एक वर्ष से इन्हें भारमुक्त नही किया जा रहा है, बीडी हरदहा के जिम्मे कराये गए तमाम निर्माण कार्य चाहे अम्रत सरोवर हो या पुलिया निर्माण, या फिर विभागीय सड़को की मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार का मामला हो, डिंडोरी जिले में बड़े बड़े भ्रष्टाचार करने के मामला उजागर होने के बाद भी भ्रष्ट उपयंत्री बीडी हरदहा के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की जा रही हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर किस सफेदपोश नेता के संरक्षण में उपयंत्री की भ्रष्टाचार और लूट का सिलसिला चल रहा है।

### इनका कहना है...

काजवेकम स्टॉपडेम का गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया गया है, पुलिया के ऊपरी हिस्से का कंक्रीट पूरी तरह उखड़ कर जर्जर हालात में पहुंच गई हैं,गेट लगाया जाए जिससे किसानों को फायदा मिलें।

**रामदयाल धुर्वे**
**ग्रामीण, बंजरा**



# अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविरो का आयोजन किया जाता है।इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र डिंडोरी अंतर्गत वन ग्राम गोरखपुर के नजदीक स्थित डेम से लगे जंगल मे अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वन मंडल अधिकारी साहिल गर्ग के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी के 138 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह ने अनुभूति कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रकृति पथ पर वनों, वन्य प्राणी, एवं पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने प्रकृति में वन्य जीवों की भूमिका, पक्षी दर्शन, इकोसिस्टम के संतुलन के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वन धन केंद्रो में बनी दोने-पत्तल, पापड़, शहद आदि के प्रयोग के साथ मिट्टी के कुल्हड़ का उपयोग चाय-पानी पीने में किया गया। दोपहर भोजन उपरांत बच्चों के साथ क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस वर्ष की अनुभूति कार्यक्रम की थीम ष्मैं भी बाघष्की जानकारी देकर बाघ थीम पर सामूहिक गायन किया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टाफ, ग्राम वन समिति गोरखपुर, राम्हेपुर, रानिबुधार के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडोरी में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। प्रातःकाल विद्यालय में योग एवं ध्यान अभ्यास आयोजित कर सभी को स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मन का संदेश प्रचारित किया गया। प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने स्वामी विवेकानंद जी की फोटो में मल्यार्पणऔर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात माध्यमिक वर्ग की छात्राओं द्वारा प्रेरक गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा अनन्या शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के बारे में रोचक बातें बताते हुए भाषण प्रस्तुत किया गया। छात्रा रिया मरावी ने युवा दिवस पर एक शानदार कविता प्रस्तुत की। छात्र तन्मय मरकाम स्वामी विवेकानंद जी के स्वरूप में उपस्थित होकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। संस्कृत शिक्षक भारत भूषण द्विवेदी ने बच्चों को स्वामीजी के जीवन की बाल्यावस्था एवं कार्यों के बारे में बताकर उन्हें जीवन को सार्थक बनाने और चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक शिक्षक अंकित कुमार मिश्रा ने कविता के माध्यम से बच्चों को युवा होने का अर्थ बताया। अपने संबोधन में प्राचार्य आर एस उलाड़ी ने बच्चों को नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने, जिज्ञासु बनने, और संघर्षशील बनने की सीख दी। कार्यक्रम के उपरांत माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने मैराथन के द्वारा नगरवासियों को आज के दिवस का महत्व बताकर जागृत किया। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वामी जी के जन्मदिन को मनाया। कार्यक्रम का मंच संचालन छात्राओं स्वस्ति मिश्रा और माही उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में सूर्य प्रताप सिंह, तन्मय सुहाने, हरीश बहोरिया, अमित कुमार, अरुण कुमार, दिग्विजय सिंह, राजेश पटले, दिलीप टेंभरे, सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर हुआ आयोजन

**मनाया गया युवाउत्सव**

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।




मेकलसुता महाविद्यालय एवं षिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त आयोजन में महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में म.प्र. उच्च षिक्षा विभाग एवं भारत सरकार के युवा उत्सव सप्ताह अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रधानमंत्री जी के उदबोधन का सीधा प्रसारण स्टॉफ व छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में डॉ. ओमकार सिंह चंदेल, सेवा निवृत प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पष्चात सूर्य नमस्कार प्राचार्य द्वारा कराया गया। प्राचार्य द्वारा स्वामी जी के जीवन पर सभी को बताया गया कि स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। स्वामी जी एक ऐसे संत थे जिनके रोम का हर कड़ राष्ट्रभक्ति से ओतपोत था। राष्ट्र के दीन हीन लोगों के सेवा को ही स्वामी जी ईष्वर की सच्ची पूजा मानते थे। उन्होंने युवाओं के हृदय को जितना झंकृत किया उतना शायद किसी और ने किया हो। स्वामी जी देष वासियों को समृद्ध करना ही जीवन लक्ष्य बनाये थे। स्वामी जी के गुरू महान संत अध्यात्मिक गुरू एवं विचारक स्वामी रामकृष्ण परमहंस थे। स्वामी जी के कुछ प्रेरक वाक्य है जो सभी युवा बच्चों को अपने में धारण करना चाहिए। स्वामी जी कहते थे खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है। ब्रम्हाण्ड की सारी शक्तियॉं पहले से हमारी हैं उठो जागो और तब तक नहीं रूको जब तक की लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। अनेक ऐसे प्रेरक विचार रहे जिनसे युवाओं को प्रेरणा देकर के आगे बढ़ना होगा। स्वामी जी विदेष में भी अपने हिन्दुत्व का परचम षिकागो सम्मेलन में लेहराया था। स्वामी जी 4 जुलाई 1902 को अपने देह को त्याग दिया था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बी.एल द्विवेदी, उपप्राचार्य डॉ. बालस्वरूप द्विवेदी, डॉ. ओमकार चंदेल, प्रो. निरंजन सिंह पटेल, प्रो. भारती सिन्हा, प्रो. रजनी रैकवार एवं अन्य प्राध्यापक, स्टॉफ एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी द्वारा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** विकसित भारत पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दृष्टिकोण है कि 2047 में अपनी स्वतंत्रता के सबवे तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा इसी दृष्टिकोण से इसमें आर्थिक विकास सामाजिक प्रगति सहित विकास के विभिन्न पहेलियां को शामिल किया गया है पर्यावरणीय स्थिरता और कुशल में भारत के युवा आम भूमिका निभा रहे हैं इस दृष्टिकोण को साकार करने में भारत सबसे बड़ा जनसंख्या समूह है और युवा भरे हुए हैं क्षमता और ऊर्जा से सरकार ने इस इसे शामिल करने के लिए नई पहल शुरू की है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विकास मिश्रा कलेक्टर ने उद्बोधन देते हुए कहा कि हमें युवाओं को सही मार्गदर्शन देने की जरूरत है जिससे हमारा युवा आगे बढ़ सकता है युवाओं को उनकी क्षमता के विकास करने के लिए कौशल विकास शिक्षण करियर काउंसलिंग विकास प्रक्रिया में युवा जिसमें विकसित भारत 2047 के लिए युवाओं के विचार शामिल करना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी वर्गों के युवाओं को एक मंच प्रदान करना समाज भारत को एक विकसित राष्ट्र कैसे बनाया जाए इस पर अपने विचार साझा कर करें और इस सपनों को साकार करें विकसित भारत 2047 प्रतियोगिता एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई मेरा भारत विकसित कैसा हो युवाओं में महत्वाकांक्षी विकास और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना राष्ट्र निर्माण में कड़ी भागीदारी नेतृत्व गुण और अच्छे संचार कौशल वाले युवाओं की पहचान करना भारत में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे विकास और सशक्तिकरण करना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा सकते हैं



अमृत कल के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अवध राज बिलैया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य है युवाओं को हमेशा आगे रहकर ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जिससे उनकी प्रतिभा का निखार होगा विकास महात्मा यात्रा युवा मित्रों को कौशल दिखाने और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है जिला इस्पात एक प्रतियोगिता का चयन किया जावेगा जिले में चयनित होकर प्रतिभागी राज्य स्तर के लिए जाएंगे जिसमें राजस्थान पर एक लाख रुपये प्रथम पुरस्कार पुरस्कार एक लाख रुपये द्वितीय पुरस्कार 50000 तृतीय पुरस्कार 25000 रुपए दिया जाएगा जलश्री भाषण प्रतियोगिता के प्रथम विजेता रही अदिति मिश्रा कक्षा 12वीं विज्ञान जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव डिंडोरी की छात्र हैं श्री संतोष मिश्रा श्रीमती त्रिवेणी मिश्रा उत्तर माध्यमिक शिक्षा शासकीय उच्च विद्यालय डिंडोरी की बेटी हैं द्वितीय स्थान महेश नायक तृतीय स्थान ज्ञान सागर व्यवहार रहे जिनका शील्ड एवं प्रमाण पत्र कलेक्टर महोदय के द्वारा प्रदान किया गया प्रथम प्रतिभागी एवं द्वितीय प्रतिभागी तृतीय प्रतिभागी राजस्थान के लिए चयन किया गया कार्यक्रम में कुल 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया भाषण प्रतियोगिता के पश्चात जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुछ प्रतिभाओं का सालसी फल से कलेक्टर सर के द्वारा सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**-विधायक सहित गणमान्य नागरिकों ने किया सूर्य नमस्कार**

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।





शहपुरा नगर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शहपुरा थाना थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम सहित अन्य गणमान्य नागरिकों विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार व योग की क्रियायें एक समय और एक संकेत के अनुसार की। विद्यार्थियों के साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम अनुसार एक साथ चरणबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। रेडियों प्रसारण के साथ-साथ विधायक एवं अधिकारियों और बडी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग, नमस्कार भुजगांसन कर सूर्य नमस्कार के सात आसनों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम भी किया।आकाशवाणी से प्रसारण अनुसार सर्व प्रथम राष्ट्रगीत, वंदेमातरम्‌एवं स्वामी विवेकानन्द के संदेश तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण हुआ। इसके बाद उपस्थित समस्तजनों ने लयबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। सूर्य नमस्कार के समापन पर राष्ट्रगान भी गाया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धुर्वे जी के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को नियमित तौर पर अपनाने पर जीवन मे होने वाले फायदे के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया द्य कार्यक्रम में राजेश साहू, रतन सोनी, राहुल रैकवार, प्रतिभा श्रीवास्तव, तृप्ति गुरुदेव, मिलन सिंह वरकडे, सीमा ठाकुर, संजय त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी तिवारी, अनिल झारिया, गजरू सिंह परस्ते, सुरेंद्र गुप्ता, रिचा चैरसिया, मोहम्मद तारिक, शिवानी साहू, ज्योति गोंड, देवेंद्र साहू, दीप्ति चैहान, सतीश पाठक, उमेश साहू, वंदना साहू, सचिन झारिया एवं के एल यादव आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष कैम्पों का आयोजन

**नरसिंहपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। ये कैम्प शनिवार 13 जनवरी एवं शनिवार 20 जनवरी को आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### मंत्री श्री पटेल ने किया बरमान मेले का शुभारंभ

**नरसिंहपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध बरमान मेले का शुभारंभ प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगाँव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल व भैयाराम पटैल, अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, डॉ. हरगोविंद पटैल अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु की मौजूदगी में रेतघाट बरमानखुर्द में मां नर्मदा नदी की पारंपरिक ढंग से पूजा- अर्चना कर शुक्रवार 12 जनवरी को किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कन्या पूजन और नर्मदा में दीप दान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में कला पथक दल ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### कठिन जप तप से पूर्ण होती है धर्मयात्रा

**करेली ।** गत दिवस नगर निवासी परिवार के सदस्यों द्वारा नवानु यात्रा पूर्ण की गई । उक्त संबंध मे बताया गया कि श्वेतांबर जैनो के शाश्वत तीर्थधिराज पालीताना गुजरात में भगवान श्रीआदिनाथ प्रभु ने पूर्व 99 बार पर्वत की स्पर्शना की थीं जहाँ से अनंत आत्माये सिद्ध हुई है जिसे सिद्धि धाम की भी उपमा दी गई है जिसमें 3700 सीड़िया हैं इन्ही सीडियो को रोज 4 से 5 बार विधिवत चढ़ना और उतरना होता हैं ऐसा कुल 108 बार मात्र 40 से 45 दिनो में पूर्ण किया जाता है इतनी कठिन यात्रा प्रभु की कृपा से होती है । यात्रा पूर्ण करने वाले को पुण्यशाली माना जाता है । यह यात्रा कठिन जप तप के साथ ही पूर्ण की जाती है। करेली से यश लूनावत, रिया लूनावत, खुशी लूनावत, भविक लूनावत, तीरथा लूनावत, सौरभ कोचर, हर्ष गोलछा, आगम गोलछा द्वारा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### पीजी कालेज प्राचार्य के विरूद्ध कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस पी जी कॉलेज मे पदस्थ जनभागीदारी /स्ववित्तीय/ स्वशासी सहित अन्य निधियों से गैर शैक्षणिक कार्यों पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा प्राचार्य के विरुद्ध कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन मे बताया गया है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी /स्ववित्तीय/ स्वशासी सहित अन्य निधियों से गैर शैक्षणिक कार्यों पर कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को स्थाई कर्मी योजना से लाभान्वित करने हेतु दिनांक 27.07.2023 को नोटशीट लिखि थी। जिसके तहत उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल ने इन दैनिक वेतन भोगियों को स्थाई कर्मी योजना से लाभान्वित करने के निर्देश समस्त प्राचार्यों को दिए है। जिसके तहत भोपाल के कॉलोजों में इस पर अमल करना भी प्रारंभ कर दिया है किन्तु शासकीय पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने शासन के निदेर्शों पर अभी तक अमल नहीं किया है। जिससे शासकीय पी. जी. कॉलेज नरसिंहपुर के जनभागीदारी निधि से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी अभी तक स्थाई कर्मी योजना से लाभान्वित होने से वंचित है। शासन इन निर्देशों को गंभीरता से ले रही है।

# युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

## सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्री सिंह








स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस "युवा दिवस" के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम 12 जनवरी को स्कूल, कॉलेजों, आश्रम, शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह बीटीआई स्कूल गाडरवारा में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में जनप्रतिनिधियों, छात्र- छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों तथा नागरिकों ने सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हम सब के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर युवा दिवस का आयोजन किया जाता है। सूर्य नमस्कार, बच्चे, स्त्री, पुरुष, युवाओं एवं वृद्धों सभी के लिए लाभदायक है। इसके निरंतर अभ्यास से साधक का शरीर निरोग और स्वस्थ रहता है। हम सबको इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अमितेन्द्र नारोलिया, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक, नागरीक शामिल हुए। इस दौरान आकाशवाणी द्वारा सीधे प्रसारित कार्यक्रम के साथ सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया। इस दिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आकाशवाणी से अपना संदेश दिया, जिसे जिले में प्रसारित किया गया।

### सूर्य नमस्कार एवं विविध कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में सूर्य नमस्कार आयोजन किया गया। योगाचार्य आशीष नेमा द्वारा योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से युवाओं को विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। उसके उपरांत एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय से रैली का आयोजन कर मेन रोड होते हुये मुशरान पार्क पर समापन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अपरान्ह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक में दिये गये उद्बोधन का सीधा प्रसारण नेहरू युवा केन्द्र नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। सम्पूर्ण आयोजन में उपप्राचार्य डॉ. एस. एन. राव सहित विभागाध्यक्षों एवं स्टॉफ मेम्बर्स की विशेष उपस्थिति रहीं।

### सामूहिक मध्य प्रदेश गान का आयोजन

राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया। इसके पश्चात पूर्व की भांति रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश सभी को सुनाया गया। तत्पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न हुआ। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम से होने वाले लाभों को सरल भाषा में सभी को बताया गया। कार्यक्रम में सरपंच रूपलाल ठाकुर व अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी व शिक्षकों ने सूर्य नमस्कार की पूरी प्रक्रियाएं की। प्राचार्य एसके बक्शी द्वारा योग के लाभ, प्राणायाम के विषय में बताया गया।

# सकल दिगम्बर जैन समाज ने गौमाता को लगाया लड्डूओं का भोग

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** गायों की सेवा करो, रोज नवाओ शीश। खुश होकर देंगी तुम्हें,वे लाखों आशीष। गौ माता करतीं सदा, भव सागर से पार। इनकी तुम सेवा करो, जीवन देंगी तार। जैसे पुण्य कथन को चरितार्थ करते हुए वर्तमान समय से तीव्रगति से चलरही शीतलहर के प्रकोप से बचने व गौमाता के उत्तम स्वास्थ्य लाभ व गर्माहट देने हेतु परम पूज्य आचार्य श्री गुरूदेव 108 विद्यासागर जी मुनिराज के आशीर्वाद व मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज की प्रेरणा श्री क्षुल्लक तत्व सागर जी व ब्रम्हचारी सुजीत भैया के निदेर्शानुसार गुरूभक्त आलोक जैन जबलपुर व नीलेश जैन वर्धमान करेली के द्वारा निर्मित किये गए ''ऊँ अर्हं जीवदया संस्था'' दिल्ली के विशेष सहयोग से संपूर्ण गौ माता के लिए पूर्णतः शुद्ध औषधिपूर्ण गुड़ लाडू वितरण कार्यक्रम का आयोजन गत गुरुवार 11 जनवरी को सकल दिगम्बर जैन समाज करेली द्वारा शुभारंभ किया गया।लक्ष्मीनारायण वार्ड स्थित श्री दिगम्बर



जैन बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग, पिछली गली, पुरानी गल्ला मंडी सहित नगर के विविध हिस्सों मे विचरण करती गौ माता को शतावर, काली मिर्च, लेडीपीपर, हल्दी, काली हल्दी, अजवाइन, मेंथी, सौंठ, कमरकस, बच, सरसों के तेल सहित विविध औषधीय गुण इत्यादि से बने गुड़ लड्डू खिलाये गये। इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के मनोज जैन लालू, वीरेंद्र जैन, अनूप जैन, अजीत पापूलर व समस्त महिला मंडल की बहिनों ने उपस्थित होकर पुण्यदायी कार्य में अपनी सहभागिता दी।

# आने वाली युवा पीढ़ी को खेल के मैदान से जोड़ना होगा : मंत्री श्री पटेल





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

प्रदेश के पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने परंपरागत खेलों की चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में शुक्रवार को किया। इस दौरान उन्होंने पूजन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मणिनागेंद्र सिंह पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह प्रतियोगिता सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन गोटेगांव के संयुक्त तत्वावधान में 11 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। मंत्री श्री पटैल ने सहयोग क्रीड़ा मंडल के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल का यह राष्ट्रीय आयोजन गोटेगांव के नागरिकों के सहयोग एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सहयोग क्रीड़ा मंडल की स्थापना के अवसर पर जो संकल्प लिया था वह सभी के सहयोग से पूर्ण हुआ है। खिलाड़ियों को खेल का मैदान, पौष्टिक भोजन एवं सम्मान के साथ उत्कृष्ट सुविधा देना हमारी प्राथमिकता रही है। मंत्री श्री पटेल ने युवा दिवस पर सभी से आव्हान करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को खेल के मैदान से जोड़ना आज के समय की बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सामर्थ्यवान हो सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य के अभाव में हम किसी को सहयोग नहीं दे सकते। उन्होंने पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं का जिक्र करते हुए कहा कि कभी मिट्टी से मैदान बनाकर खेल एवं खिलाड़ी का सम्मान होता था, आज तकनीकी एवं सुविधाओं का स्तर बढ़ा है। नवनिर्मित इनडोर स्टेडियम में आकर मैं अपने आप को और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने आयोजन की भव्यता के लिए क्रीड़ा मंडल एवं फाउंडेशन के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व विधायक जालम सिंह पटैल, सरदार सिंह पटेल,जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, सहयोग क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष बद्रीभाई चौकसे, सीनियर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र राय (गिट्ठल), युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर (पाटन), अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक व खिलाड़ी मौजूद थे। इस अवसर पर संभागीय महिला-पुरुष कबड्डी के मैच आयोजित किये गये। संभागीय पुरुष कबड्डी के प्रारंभिक मुकाबलों में अहिंसा क्लब मेरेगांव, नरसिंहपुर अकैडमी, मुड़यि इंडियन बंडा, मेरेगांव बी, जय हिंद क्लब गाडरवारा, सहयोग क्रीड़ा मंडल ए, राजपूत क्लब गड़रियाखेड़ा, चीचली, सूखाखैरी, करकबेल, गड़रियाखेड़ा बी, खमरिया, जबलपुर कॉरपोरेशन एवं झामर ने अपने मैच जीत कर दूसरे दौर में प्रवेश किया है। इसी प्रकार महिला कबड्डी के क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मैच के पश्चात वीरांगना गाडरवारा एवं नरसिंहपुर अकादमी की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई, जिनका मुकाबला 14 जनवरी को खेला जाएगा। शुक्रवार 12 जनवरी को कबड्डी की राष्ट्रीय स्पर्धा का शुभारंभ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर 26 टीमें भाग ले रही हैं। प्रांतीय स्तर की चौपड़ प्रतियोगिता में 128 टीमों ने हिस्सा लिया है। राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी में पाई स्पोर्ट्स गुजरात, एयर फोर्स दिल्ली, रेड आर्मी दिल्ली, राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक, रिंधाना क्लब हरियाणा, लखावटी अकैडमी के बीच पहले दौर के मैच खेले गए।

# थानों की सीमा अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

जिले में थानों की सीमा/ अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोडिया, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल, महंत प्रीतम पुरी, विक्रांत पटेल, नीलेश काकोडिया, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, शोबरन सिंह ठाकुर मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा गृह विभाग की अवश्यकताओं तथा समय- समय पर आमजनों की मांगों के अनुरूप जिलों में स्थित नवीन थानों के सृजन के उपरान्त भी स्थानीय आबादी भौतिक संरचना एवं अपराधों के परिदृश्यता में अत्यधिक बदलाव आने के पश्चात



भी इन थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण नहीं किये जाने के परिणामस्वरूप थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्रामीण इलाकों के लोगों का उनके ग्राम के थाने पहुंचने में अधिक कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त थाने के ग्राम से दूरस्थ होने के फलस्वरूप यदि थाना क्षेत्रान्तर्गत कोई अपराध घटित होता है या कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है, तो थाने से पुलिस बल को घटना स्थल तक पहुँचाने में अत्याधिक समय लग जाता है। जिस परिप्रेक्ष्य में जिला के नवीन थानों की सीमा/ अधिकार क्षेत्र के पुर्ननिर्धारण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिले के जिन ग्रामों को वर्तमान थाने से अन्य थाने में सम्मिलित किया जाना है, उसमें ग्राम सीहोरा, वर्तमान थाना स्टेशनगंज प्रस्तावित थाना मुंगवानी, ग्राम धमेटा, खडई, घुघरी, जमुनिया, सावरा वर्तमान थाना करेली प्रस्तावित थाना डोंगरगांव, ग्राम पिठहरा, ग्राम सिंगोटा, ग्राम भूमियाढाना वर्तमान चौकी सीहोरा, थाना गाडरवारा प्रस्तावित थाना पलोहा, ग्राम बरेली, बरहेटा एवं कजरोटा वर्तमान थाना डोंगरगांव प्रस्तावित थाना गाडरवारा, ग्राम रातीकरार वर्तमान थाना चीचली प्रस्तावित थाना डोंगरगांव, ग्राम इमलिया वर्तमान थाना चीचली प्रस्तावित थाना गाडरवारा, डमरूघाटी एवं निरंजन वार्ड, गाडरवारा वर्तमान थाना पलोहा प्रस्तावित थाना गाडरवारा, ग्राम मेहका, झिरी, गुटोरी, सुपला वर्तमान थाना ठेमी प्रस्तावित थाना स्टेशनगंज, ग्राम डुंगरिया, सिवनी एवं नोनपिपरिया वर्तमान थाना ठेमी प्रस्तावित थाना गोटेगांव, ग्राम जमुनिया, गढ़पेहरा एवं सिरकोना वर्तमान थाना मुंगवानी प्रस्तावित थाना ठेमी और ग्राम बिजौरी वर्तमान थाना मुंगवानी प्रस्तावित थाना चौकी सिंहपुर थाना स्टेशनगंज है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों ऐसे ग्राम जिन्हें गृह विभाग की अवश्यकताओं तथा समय- समय पर आमजनों की मांगों के अनुरूप अन्य थानों में सम्मिलित किया जाना है। उक्त ग्रामों को अन्य में सम्मिलित किये जाने में कोई आपत्ति है, तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय अथवा थाने में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता हैं, ताकि प्रस्तावित प्रक्रिया में आपत्ति पर विचार किया जा सके।



# अयोध्या के लिये भक्तों की साईकिल यात्रा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हिंदुओ के शिरोमणि भगवान श्रीराजाराम चन्द्र जी के भव्य विशाल मंदिर में रामलला सरकार के भव्य स्थापना महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए देश विदेशों में भक्त श्रद्धालु जन पहुँच रहे हैं। इस मोके पर खैरी नाका निवासी पूर्व सरपंच बृजेश पटेल अपने साथियों सहित साइकिल चलाते हुए अयोध्या धाम पहुँच रहे हैं। इस हेतु सूचना बावत उन्होंने एक पत्र नरसिंहपुर कलेक्टर को भी प्रेषित किया है। जिसमे सभी साइकिल यात्रा करने वालो व सहयोगियों के नाम पता व वाहन आदि की जानकारी दी गई है। श्री पटेल ने बताया है कि 22 जनवरी हमारे देशवासियों के लिए ठीक उसी दीपावली के महोत्सव जैसी है जैसे कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम चन्द्र जी के द्वारा लंका विजय कर 14 वर्ष के वनवास बाद। वापिस अयोध्या लौटे थे और उनके आगमन पर खुशी से पूरी अयोध्या में दीप जलाकर दीपावली महोत्सव मनाया गया था। ठीक उसी तरह 22 जनवरी को भगवान 550 साल बाद अपने मुख्य धाम श्रीराम जन्मभूमि में नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह हम सभी हिंदुओं के लिए बड़े ही गौरव का दिन है। हम सभी अपने इस जन्म को धन्य मान रहे है कि यह सब कुछ हमको देखने मिल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सभी हिन्दुओ के आराध्य भगवान श्रीराम जी के लिए श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का भव्य निर्माण व भव्य आयोजन के लिए न सिर्फ भारतवर्ष वल्कि पूरे विश्व भर में रह रहे हिंदुओं के लिए बहुत ही अविस्मरणीय दिवस बना दिया है हम सभी मन्त्रमुग्ध है भगवान श्रीराम की श्रद्धा भक्ति हेतु उनके दर्शनों हेतु हम अपने साथियों सहित साइकिल से नरसिंहपुर से प्रारंभ कर लगभग 650 किमी की यात्रा कर अयोध्या धाम भगवान रामलला के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनायेगे। साइकिल यात्रा में बृजेश पटेल के साथ नरेन्द्र पटेल कैलाश यादव रोहित मेहरा अनिल मेहरा यात्रा कर अयोध्या धाम पहुंचकर नरसिंहपुर वासियों की और प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करेंगे ।